# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-26.11.2023**

## थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त समीम गिरफ्तार, कब्जे से चोरी गया मोबाईल फोन बरामद।

---------------------------------------------------------------------------

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा चोरी/लूट की घटनाओ के अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-049/2023 धारा 380/457/411 भा0द0वि0 से संबंधित वांछित अभियुक्त समीम पुत्र स्व0 निजाम निवासी जगवातारा थाना फूलपुर कमिश्नरेट वाराणसी व हाल पता गुड्डू वेल्डिंग वाले (मदरसे मे) ग्राम धमरिया थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी को दिनांक-25.11.2023 को समय करीब 20.50 बजे रिंगरोड लोहरापुर अंडरपास के करीब थाना लोहता कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त मे चोरी गया 01 अदद मोबाईल फोन मॉडल पोको एम-2 बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** दिनांक-26.02.2023 को वादी मुकदमा श्री अजय कुमार वर्मा पुत्र छांगुर वर्मा निवासी-महेशपुर-2 पोस्ट मंगलपुर जनपद वाराणसी ने दिनांक-22.02.2023 को अज्ञात चोर द्वारा उनके घर के कमरे से उनका मोबाइल फोन मॉडल पोको एम-2 चोरी करने के संबंध मे लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता में सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 आदित्य कुमार सिंह द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**विवरण पूछताछ-**

अभियुक्त समीम ने पूछताछ करने पर बताया कि यह मोबाइल चोरी का है जिसको मैने इसी वर्ष फरवरी माह के आखिरि सप्ताह मे मंगलपुर स्थित किसी घर से रात मे घुसकर कमरे से चुराया था। मै चोरी के मोबाइल को आज बेचने के लिए जा रहा था क्योकि मुझे रुपयो की आवश्यकता थी लेकिन तभी आप लोगो ने मुझे पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

समीम पुत्र स्व0 निजाम निवासी जगवातारा थाना फूलपुर कमिश्नरेट वाराणसी व हाल पता गुड्डू वेल्डिंग वाले (मदरसे मे) ग्राम धमरिया थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र 32 वर्ष।

**<u>बरामदगी का विवरण-</u>**

चोरी गया 01 अदद मोबाईल फोन POCO M2 रंग नीला IMEI 01-866412050358209 व IMEI 02-866412050358217।

**<u>गिरफ्तारी/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1-उ0नि0 आदित्य कुमार सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2-उ0नि0 विशाल सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3-उ0नि0 विपिन सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**